Title : Regarding expansion of platform of Gyanpur Road Railway Station and construction of railway underpasses

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही के अंतर्गत ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक छोटा है। ट्रेन प्लेटफार्म से बाहर तक पहुंच जाती है जिससे रेल यात्रियों को ट्रेन में बैठने और उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस रेलवे स्टेशन से दिल्ली मुंबई और कोलकाता सहित कई क्षेत्रों के लिए ट्रेनों का आवागमन है। ऐसे में प्लेटफार्म का विस्तारिकरण होना आवश्यक है और ककराही रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनना है। अतः इस रेलवे क्रॉसिंग से होकर रोजाना बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु माँ विन्ध्यवासिनी धाम और मैहर धाम आते जाते हैं। साथ ही हजारों की संख्या में प्रत्येक दिन स्थानीय लोगों का आवागमन भी जनपद मिर्जापुर समेत मध्य प्रदेश की तरफ का होता है। ककराही रेलवे क्रॉसिंग से होकर बड़ी संख्या में ट्रेन गुजरती है। ऐसे में क्रॉसिंग अधिकतर बंद रहती है जिससे लंबा जाम लग जाता है। अगर ककराही रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनता है तो रोजाना कई हजार वाहन चालकों के आवागमन में समय की बचत होगी और सराय कंसराय, हरदुआ रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास सराय कंसराय और हरपुर यह गांव ऐसे हैं जहां रेल पटरी के किनारे बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं लेकिन इन दोनों क्षेत्रों में रेलवे क्रॉसिंग जो बनाई गई है वह काफी दूर है जिससे ग्रामीणों को रेलवे पटरी क्रॉस करने के लिए कई किलोमीटर का सफर करना पड़ता है आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा का अध्ययन करने रोजाना जाते हैं और बहुत मरीज अस्पतालों की तरफ जाते हैं। अतः आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि तीनों जगह शीघ्र कार्य करने की कृपा करें।